BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

## सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, इस सर्दी रास्ता साफ करने के लिए तैयार है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (7 नवंबर, 2022) – सर्दी का मौसम आने वाला है और ब्रैम्पटन के कर्मीदल तैयार हैं! हमारी टीम यह सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम करती रही है कि हम, सिटी के स्वामित्व वाली सड़कों, साइडवॉक्स, ट्रांज़िट स्टॉप्स, रेक्रिएशन ट्रेल्स और स्कूल के चौराहों से बर्फ हटाने के लिए तैयार हैं, ताकि निवासी सुरक्षित रूप से अपनी मंज़िल पर पहुंच सकें।

सिटी निवासियों को याद दिलाती है कि सर्दियों के मौसम के लिए तैयार रहना एक टीम संबंधी प्रयास है और हर किसी की मदद से, यह सीजन सभी के लिए अधिक सुरक्षित हो सकता है:

- एमरजेंसी की स्थिति में, कम से कम 72 घंटों के लिए खुद की और अपने परिवार की देखभाल के लिए तैयार रहें। अपने घर और वाहन के लिए 72-घंटे सुरक्षा किट तैयार करें।
- बर्फ गिरने के बाद साइडवॉक्स से आइस, बर्फ और पिघल रही बर्फ को तुरंत साफ करें;
- गलियों में पार्किंग की अनुमति नहीं है और यह नियम सर्दी के मौसम संबंधी घटनाओं के दौरान लागू रहेगा।
- कृपया यह सुनिश्चित करने के लिए वाहनों को हटाएं कि बर्फ हटाने, नमक बिछाने वाले और एमरजेंसी वाहन सुरक्षित तरीके से गली में आ पाएं;
- यदि बर्फ गिरने के बाद 24 घंटे से अधिक समय बीत गया है और आपकी गली पर अभी भी ध्यान देने की जरूरत है, तो सिटी को 311 पर फोन करके, 311 ऐप पर सेवा निवेदन प्रस्तुत करके, 311@brampton.ca पर ईमेल करके या www.311brampton.ca पर जाकर इस बारे में बताएं;
- हमारे #BramSnowUpdate के लिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स को फॉलो करें;
- योग्य बुज़ुर्गों और विकलांग मकान मालिकों के लिए, बर्फ हटाने संबंधी आर्थिक सहायता उपलब्ध है। अधिक जानें: ow.ly/D2R050xgPq2.

**सिटी का प्लो ट्रैकर**

निवासी www.brampton.ca/snow पर और 311 मोबाइल ऐप पर सिटी के प्लो ट्रैकर (Plow Tracker) का प्रयोग करते हुए देख सकते हैं कि कर्मीदलों ने कौन-सी सड़कें और साइडवॉक्स साफ की हैं! ऐप को Google Play (गूगल प्ले) या ऐप स्टोर (App Store) से डाउनलोड किया जा सकता है। इस टूल का उपयोग करके, निवासी बर्फ हटाने की प्रगति, सड़क संबंधी प्राथमिकताएं देख सकते हैं और जान सकते हैं कि उनके आसपास बर्फ हटाने वाली मशीन आई है या नहीं, ताकि वे सड़क से अपने वाहन हटा पाएं। सेवा निवेदन भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

सिटी के सर्दी के कामों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/snow पर जाएं।

**हवाले**

“हमारे निवासियों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है – इसलिए यह सुनिश्चित करने हेतु कि हम सर्दियों के मौसम के लिए तैयार हैं, हमारे कर्मीदल दिन-रात काम करते रहे हैं। इस सीजन को सुरक्षित और मज़ेदार बनाने के लिए हम सभी के लिए करने हेतु कुछ न कुछ है। निवासी, सर्दी के मौसम संबंधी घटनाओं के दौरान तुरंत साइडवॉक्स से आइस, बर्फ और पिघल रही बर्फ को साफ करके, अपने वाहनों को गली से दूर रखकर और हमारा 311 मोबाइल ऐप डाउनलोड करके मदद कर सकते हैं!”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“जब हर कोई हमारी कम्युनिटी को सर्दियों के लिए तैयार रखने हेतु अपनी भूमिका निभाता है, तो हम सभी सुरक्षित रूप से अपनी-अपनी मंज़िल पर पहुंच सकते हैं। हम निवासियों को सलाह देते हैं कि हमारा 311 मोबाइल ऐप डाउनलोड करें, हमारे #BramSnowUpdate के लिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स को फॉलो करें और साइडवॉक्स को साफ रखने में अपनी भूमिका निभाएं। जब सर्दी का मौसम आएगा, तो हम इकट्ठे मिलकर, तैयार रहेंगे।"

- *पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, पब्लिक वर्क्स एंड इंजीनियरिंग, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी में हमारे सबसे बड़े ऑपरेन्स में से एक, सर्दी की मौसम संबंधी स्थितियों में काम करना है, ताकि हमारी कम्युनिटी सबके लिए सुरक्षित, मज़ेदार और सुलभ रहे। सिटी, वार्षिक तौर पर, 4,053 किलोमीटर सड़क लेन, 1,009 किलोमीटर साइडवॉक्स और वाकवेज और 205 किलोमीटर रेक्रिएशन ट्रेल्स की देखभाल करती है। निवासियों को सलाह दी जाती है कि इस सीजन बर्फ के लोकल कामों की स्थिति के बारे में जानने के लिए, प्लो ट्रैकर सहित, 311 मोबाइल ऐप डाउनलोड करें, ताकि वे सर्दी संबंधी घटनाओं के दौरान सुरक्षित रूप से अपनी ट्रिप्स की योजना बना पाएं।”

- *पॉल मोरिसन (Paul Morrison), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca